## मसूद अजहर को वैश्विक आतंकी घोषित किया जाये : अमेरिका

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका ने कहा कि जैश ए मोहम्मद का प्रमुख मसूद अजहर बहुत बुरा आदमी है और उसे वैश्विक आतंकी घोषित किया जाना चाहिए। पठानकोट आतंकी हमले के मास्टरमाइंड अजहर को आतंकी घोषित करने के संयुक्त राष्ट्र में हुए प्रयास को चीन द्वारा बाधित किए जाने पर अमेरिका ने यह कहा है। अजहर पाकिस्तान में रहता है। उसे वैश्विक आतंकी घोषित करने के प्रस्ताव को अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन का समर्थन हासिल था। इस प्रस्ताव को पिछले हफ्ते चीन ने चौथी बार रोक दिया और इसकी वजह बताई कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अलकायदा प्रतिबंध समिति के सदस्य इस पर एकमत नहीं हैं। अजहर का बनाया आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंधित आतंकी संगठनों की सूची में पहले से शामिल है। विदेश विभाग की प्रवक्ता हीदर नोर्ट ने संवाददाता सम्मेलन में चीन के कदम पर पूछे गए सवाल के बारे में कहा, 'हम निश्चित रुप से मानते हैं कि वह बहुत बुरा व्यक्ति है। हम चाहते हैं कि उसे इस सूची में शामिल किया जाए।' नोर्ट ने कहा, उसे प्रतिबंधित सूची में शामिल करने पर समिति में बातचीत हो रही है। संयुक्त राष्ट्र के तहत वह सूची गोपनीय है इसलिए मैं कोई टिप्पणी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि चीन के कदम के बारे में तो आपको चीन की सरकार से ही पूछना पड़ेगा कि उन्होंने ऐसा क्यों किया लेकिन निश्चित ही हमारा मानना है कि वह बहुत बुरा व्यक्ति है। नोर्ट ने बताया कि अमेरिकी कानून के तहत वह जैश ए मोहम्मद को विदेशी आतंकी संगठन मानते हैं। परिषद की अलकायदा प्रतिबंध सूची के तहत जैश ए मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर पर प्रतिबंध लगाने के भारत के प्रयास को चीन लगातार बाधित कर रहा है। चीन सुरक्षा परिषद का वीटो शक्ति प्राप्त स्थायी सदस्य है। अजहर को संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकी घोषित करने के अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन से समर्थन प्राप्त प्रयास पर चीन ने अगस्त माह में तकनीकी रोक को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया था। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में इसी फरवरी माह में भी उसने इस प्रयास को बाधित किया था। चीन ही इकलौता ऐसा देश है जो सुरक्षा परिषद में अजहर को आतंकी घोषित करने का विरोध कर रहा है। परिषद के 15 सदस्यों में से बाकी के सभी 14 सदस्य देश प्रतिबंध की सूची में अजहर को शामिल करने के प्रयास के समर्थन में है। प्रतिबंध सूची में अजहर का नाम आने पर उसकी संपत्तियां कुर्क हो जाएंगी और उस पर यात्रा प्रतिबंध लग जाएगा। अजहर भारत में हुए कई आतंकी हमलों में आरोपी है। वह जनवरी 2016 में पठानकोट वायुसेना स्टेशन पर हुए हमले का भी आरोपी है।

## पुलिस मुठभेड़ में ड्रग गैंग के तीन लोगों की मौत

ब्राजीलिया, (आरएनएस)। ब्राजील के रियो डी जनेरियो में कार में बैठे ड्रग गैंग के चार आरोपियों पर पुलिस ने हेलिकॉप्टर से गोली बरसाई। इसमें तीन की मौत हो गई, वहीं चौथा गंभीर रूप से घायल हो गया। ये चारों युवक कार के अंदर से ही फेसबुक पर लाइव वीडियो कर रहे थे। इस पूरी घटना का वीडियो नजदीक से गुजर रहे एक युवक ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया है। वे सभी कार में बैठकर खूब मौज मस्ती से गाने भी सुन रहे थे। जैसे ही पुलिस अधिकारियों ने गोलियां चलाई, उनका कैमरा नीचे गिर गया। काफी देरतक गोलियों के चलने की आवाजें आती रहीं। मौत से पहले वीडियो में वे सभी काफी खुश दिखाई दे रहे हैं। इस घटना में चार में से तीन के मरने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस का कहना है कि वे सभी ड्रग तस्कर थे। इसी लिए उनके खिलाफ ऑपरेशन चलाया गया था। सोशल मीडिया पर वीडियो के अपलोड किए जाने के बाद लोग पुलिस अधिकारियों की प्रशंसा कर रहे हैं। हालांकि, कई लोग पुलिस से यह भी सवाल कर रहे हैं कि जब वे युवकों को गिरफ्तार कर सकती थी तो उन्हें सीधे गोली क्यों मारी गई?

## कैब से उतरते हुए ड्राइवर के पैसे चुरा कर भागी लड़की

अमेरिका, (आरएनएस)। अमेरिका में ऊबर कैब में सफर करने वाली एक महिला ने ड्राइवर के बॉक्स से पैसे चुरा लिए। उसकी चोरी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और अब लोग उसका काफी मजाक बना रहे हैं। कैब से पैसे चोरी करने वाली इस 18 साल की लड़की का नाम गेब्रियल कैनेलीस है। यह अमेरिका के ब्रुकलिन शहर की रहने वाली है। सोशल मीडिया पर गेब्रियल गेबीटा नाम से एक्टिव है। ऐसे चुराए डब्बे में से पैसे दरअसल, तीन महीने पहले 12 अगस्त को गेब्रियल और उसके दो दोस्त ड्राइवर मोहम्मद भुइयान की कैब में सफर कर रहे थे। अपनी लोकेशन पर पहुंचने के बाद जैसे ही तीनों लोग कैब से उतरने लगीं, तभी गेब्रियल बॉक्स में रखे पैसे उठाकर गाड़ी से बाहर निकल गई। ड्राइवर के पैसे उठाते ही वो तुरंत कैब से बाहर निकलकर भाग गई। ये पूरी घटना कैब में लगे कैमरे में कैद हो गई। इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि गेब्रियल कैमरे की ओर देखते हुए डब्बे में रखे पैसे मार लेती है। हालांकि तीन महीने पहले का यह वीडियो मंगलवार को एक बार फिर सोशल मीडिया पर शेयर होने लगा जिसके बाद लड़की की पहचान सामने आ गई। आपको बता दें कि गेब्रियल अक्सर सोशल मीडिया पर अलग-अलग कपड़ों में अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती है। 12 अगस्त को भी कैब में बैठने से पहले उसने ऐसी ही तीन फोटो इंस्टाग्राम पर शयर की थीं। अब चोरी के इस वीडियो के वायरल होने बाद उन तस्वीरों के जरिए गेब्रियल की पहचान उजागर हो गई है। इसी के चलते उसने उन सभी फोटेज को भी अपने अकाउंट से डिलीट कर दिया है। वहीं अपनी इस हरकत की खबरें देखने के बाद गेब्रियल ने सोशल मीडिया पर खबरों के स्क्रीनशॉट शेयर करते हिए लिखा कि उसने सिर्फ 5 डॉलर चुराए थे और वो भी बाद में ड्राइवर को लौटा दिए थे।

## ट्रंप को उंगुली दिखाने वाली महिला को गंवानी पड़ी नौकरी

वर्जिनिया, (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को उंगुली दिखाने पर एक वर्जिनिया की एक महिला को नौकरी गंवानी पड़ी। जूली ब्रिस्कमैन ने बताया कि पिछले सप्ताह उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी जिसके बाद उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। जूली अमेरिकी राष्ट्रपति की आलोचक हैं। किसी भी कंपनी के और देश के राष्ट्रपति के अपने - अपने प्रोटोकाल होते है, किसी को भी ऐसी हरकत करते समय उनका एहसास होता चाहिऐ! बता दें कि घटना 28 अक्टूबर की है जब जूली को पता चला कि वह उसी लेन में हैं जिधर से राष्ट्रपति का काफिला गुजर रहा है। जूली खुद को रोक नहीं पाई और उन्होंने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए आपत्तिजनक अंदाज में अंगुली दिखाई थी। राष्ट्रपति का काफिला उस वक्त गुजर रहा था और सभी मीडिया चैनल वहां कवरेज के लिए मौजूद थे। जूली की यह हरकत कैमरे में कैद हो गए। जूली का कहना है कि उन्हें राष्ट्रपति ट्रंप की कुछ नीतियों से सख्त आपत्ति है। जूली कहती हैं, 'हेल्थ इंश्योरेंस और प्रवासी नियमों को लेकर ट्रंप प्रशासन का रवैया निराशाजनक है और मुझे इन बातों का गुस्सा था।' महिला का कहना है कि मुझे मीडिया से पता चला कि ट्रंप उस रोज गोल्फखेलने के लिए उस रास्ते से जाएंगे। जूली कहती हैं, 'मुझमें बहुत गुस्सा था और मैंने नाराजगी में वह प्रतिक्रिया दी। मुझे उस वक्त लग रहा था कि जिस वक्त अमेरिका के सामने कई दूसरे जरूरी मसले हैं उस वक्त उन्हें गोल्फ खेलने की सूझ रही है।' जूली ने अंगुली दिखाने वाली अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया साइट्स पर भी शेयर की थीं। अपने फेसबुक और ट्विटर अकाउंट पर उन्होंने उसी तस्वीर को प्रोफाइल पिक बनाया था। अकीमा एलएलसी कंपनी में काम करने वाली जूली को नौकरी से निकाल दिया गया। जूली ने बताया, '31 अक्टूबर को मुझे कंपनी के एचआर विभाग की तरफ से मीटिंग के लिए बुलाया गया। मुझसे कहा गया कि मैंने कंपनी की सोशल मीडिया पॉलिसी का उल्लंघन किया है। मुझे कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें डर है कि शायद इससे व्यापार पर भी असर पड़े।' कंपनी की तरफ से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## आरपीएफ के दो जवानों का गला रेता, एक की मौत एक गंभीर

दंतेवाड़ा, (आरएनएस)। दंतेवाड़ा स्थित बचेली रेलवे स्टेशन के पास आज आरपीएफ के दो जवानों का नक्सलियों ने गला रेत दिया जिसमें एक जवान की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दूसरे जवान की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल जवान को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बचेली रेलवे स्टेशन पर आज सुबह आरपीएफ के दो जवानों की गला रेते जाने की खबर पुलिस को मिली, घटना स्थल पर पहुंचने पर आरपीएफ का एक जवान की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी वहीं दूसरा जवान का भी गला रेतकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल पर मुआयना करने से अंदेशा लगाया है कि इस घटना को अंजाम देने में नक्सलियों का हाथ हो सकता है। गंभीर रूप से घायल जवान को पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया है। घायल जवान की हालत अभी नाजुक बताई जा रही है। वहीं पुलिस द्वारा पुरे एरिया में सर्चिंग अभियान चलाकर आरोपियों की धरपकड़ में लगी हुई है।

## जीएसटी मुद्दे पर बोला भाजपा पर हमला

सूरत , (आरएनएस)। कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी जीएसटी और नोटबंदी के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरने में लगे हुए हैं। गुजरात में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राहुल गांधी जीएसटी के मुद्दे को खासकर व्यापारियों के बीच उठा रहे हैं। नोटबंदी के एक साल होने पर राहुल गांधी ने बुधवार को सूरत पहुंचकर एक अनौपचारिक बैठक के दौरान जीएसटी के मुद्दे पर केंद्र सरकार को विफल बताया। सूरत पहुंचे राहुल गांधी ने व्यापारियों से कहा, 'देखिए, मैं कई बार केंद्र सरकार से अपील कर चुका हूं कि पांच स्लैब्स के साथ जीएसटी बिल्कुल नहीं चल सकता है। जीएसटी का स्लैब अधिक से अधिक 18 फीसद तक होना चाहिए। इसलिए मैं शुरुआत से कहता आ रहा हूं कि इसमें सुधार की बेहद जरूरत है।' नोटबंदी के एक साल पूरा होने पर राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए ट्विटर पर लिखा, 'नोटबंदी एक त्रासदी है, हम लाखों ईमानदार लोगों के साथ खड़े हैं, जिनके जीवन और आजीविका को प्रधानमंत्री के निर्णय ने तबाह कर दिया।' बता दें कि इससे पहले भी राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान यह कह चुके हैं कि अगर उनकी सरकार आती है, तो वह जीएसटी को पूरी तरह से बदल देंगे, जो व्यापारियों को सहूलियत देगा, परेशानी नहीं। गौरतलब है कि गुजरात में अगामी 9 और 14 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होने हैं। चुनाव के नतीजे 18 दिसंबर को आएंगे। राहुल गांधी, भाजपा को गुजरात में मात देने के लिए काफी कोशिश करते नजर आ रहे हैं। गुजरात में राहुल गांधी काफी सभाएं कर चुके हैं।

## आडवाणी ने दृष्टिबाधित बच्चों संग मनाया जन्मदिन

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी का आज जन्मदिन है। वह आज 90 साल के हो गए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। साथ ही आडवाणी के अच्छे स्वास्थ्य और लंबे जीवन की कामना की है। आडवाणी ने आज अपने जन्मदिन की शुरुआत 90 दृष्टिबाधित बच्चों के साथ ब्रेकफास्ट करके की। उन्होंने खुद अपने हाथों से इन बच्चों को नाश्ता परोसा। कुछ बच्चों को खुद अपने हाथों से भी नाश्ता खिलाया। इसके बाद इन बच्चों के साथ बैठकर नाश्ता किया। इस दौरान दृष्टिबाधित बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं था। पीएम मोदी ने ट्वीट कर आडवाणी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया, 'सम्मानित आडवाणी जी को उनके जन्मदिन पर बधाई। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबे जीवन की कामना करता हूं। आडवाणी जी एक दिग्गज राजनीतिक हैं। एक कुशल लीडर, जिन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण के दम पर खुद की एक अलग पहचान बनाई। हम भाजपा कार्यकर्ताओं को हमेशा आडवाणी जी का मार्गदर्शन मिलता रहा है, जिसके लिए हम खुद को भाग्यशाली मानते हैं। आडवाणी जी के अथक प्रयासों के कारण भाजपा की इमारत आज बेहद बुलंद है। पीएम मोदी के अलावा गृहमंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री अरुण जेटली, विदेश मंत्री सुषमा स्वराज समेत भाजपा के कई नेताओं ने लालकृष्ण आडवाणी को जन्मदिन की बधाई दी है। साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की है। बता दें कि आडवाणी आज अपने जन्मदिन की शुरुआत में 90 दृष्टिबाधित बच्चों के साथ ब्रेकफास्ट करेंगे। उसके बाद वह आम लोगों और नेताओं से मुलाकात करेंगे। अपने जन्मदिन से पहले आडवाणी शनिवार को प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र बनारस गए थे और वहां बेटी प्रतिभा के साथ देव दीपावली भी मनाई। इस अवसर पर घाट पर ही आडवाणी के 90 साल पूरे होने की रंगोली बनाई गई, जिस पर उनका नाम लिखकर 90 वर्ष को सेलिब्रेट किया गया।

## आपरेशन प्रहार 2 लांच, 6 माओवादी ढेर

जगदलपुर,(आरएनएस)। बस्तर के नारायणपुर जिले में माओवादी अतिवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। सुरक्षा बलों ने सोमवार शाम से माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार 2 चलाया गया है। इस अभियान में सुरक्षा बलों के दो हजार से अधिक जवान शामिल हैं। सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर जिलों में ऑपरेशन जारी है। छत्तीसगढ़ पुलिस, कोबरा बटालियन, डीआरजी, सीआरपीएफ के जवान शामिल हैं।नारायणपुर के धुरबेड़ा में सुबह हुए एनकाउंटर में एक नक्सली का शव और कुछ हथियार बरामद हुआ है। वहीं अबूझमाड़ में ही पुलिस और नक्सलियों की एक और मुठभेड़ हुई है जिसमें पांच माओवादी मारे गए हैं। साथ ही हथियार भी बरामद किये गये हैं। नारायणपुर में सुरक्षा बलों ने अब तक 6 नक्सलियों के शव बरामद किया है। पुलिस ने इस मुठभेड़ में कई माओवादियों के मारे जाने के आशंका जताई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी समेत एसटीएफ के डेढ़ सौ जवान नारायणपुर के ऑपरेशन में शामिल हैं। नक्सल विरोधी अभियान के डीजी दुर्गेश माधव अवस्थी ने उम्मीद जताया है कि इस ऑपरेशन में और भी माओवादी मारे गए होंगे। उन्होंने बताया कि अभी ऑपरेशन जारी है। सुकमा-बीजापुर के दुरस्त इलाकों में भी ऑपरेशन चलाया जा रहा है। माओवादियों के पास से वर्दी और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया है। जिसे सुरक्षा बलों ने जंगलों में ही नष्ट कर दिया है।

## पश्चिम बंगाल में जल्द खुलेगा पहला तैरता बाजार

कोलकाता,(आरएनएस)। कोलकाता महानगर विकास प्राधिकरण केएमडीए शहर के दक्षिणी किनारे पर पहला तैरता बाजार खोलने की तैयारी कर रहा है। यह कदम उन विक्रेताओं के पुनर्वास के लिए उठाया जा रहा है, जो ईएम बायपास चौड़ा होने के करने के कारण वहां से विस्थापित हो गए थे। प्राधिकरण के एक अधिकारी के अनुसार, बाजार पतौली के निकट एक जलाशय पर नौ करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। बाजार में 114 नौकाएं होंगी, जिनपर सब्जियां, फल, मछली, मांस, अनाज, चावल, खाद्य तेल और चाय की बिक्री की जाएगी। बाजार चौबीसों घंटे खुला रहेगा। प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गरिया के पास पतौली में ईम बायपास को चौड़ा करने के दौरान कई विक्रेता विस्थापित हो गए थे। हमारा मुख्य लक्ष्य ईएम बाईपास पर बेसनभगता-पतौली बाजार में व्यापार कर रहे लोगों का पुनर्वास करना है। ईएम बायपास पर स्थित बाजार को वहां से हटाने का फैसला प्राधिकरण ने तीन साल पहले लिया था, ताकि सड़क के उस हिस्से को चौड़ा किया जा सके। उन्होंने कहा, श्रीनगर की डल झील पर भी इसी तरह का एक तैरता बाजार है। ऐसे बाजार बैंकाक और सिंगापुर में भी हैं। अधिकारी ने बताया कि 114 नौकाओं में से 32 खरीद ली गई हैं और अन्य इस माह के अंत तक खरीदी ली जाएंगी।

## राष्ट्रपति 11 को रायपुर आकर अमरकंटक जाएंगे

रायपुर,(आरएनएस)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का एक सप्ताह में दूसरी बार रायपुर आना हो रहा है। हालांकि इस बार राष्ट्रपति रायपुर के एयरपोर्ट आकर वहां से सीधे अमरकंटक के लिए रवाना हो जाएंगे, जहां नर्मदा मंदिर के दर्शन करने के साथ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू) के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। ज्ञात हो कि राष्ट्रपति श्री कोविंद बीते 5 नवंबर को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रायपुर आये थे। वे यहां राज्य के स्थापनां दिवस पर नया रायपुर में आयोजित राज्योत्सव 2017 के समापन समारोह में शामिल होने के साथ-साथ बलौदाबाजार जिले में स्थापित बाबा गुरू घासीदास जन्म स्थल गिरौदपुरी धाम मंदिर के दर्शन भी किए।

## प्रद्युम्न मर्डर केस में नया मोड़, स्कूल का छात्र हिरासत में

गुरुग्राम, (आरएनएस)। रायन इंटरनैशनल स्कूल में हुए सनसनीखेज प्रद्युम्न हत्याकांड में नया और चौंकाना वाला मोड़ सामने आ रहा है। सीबीआई के सीनियर अधिकारियों के हवाले से बताया है कि देश को हिला देने वाले इस मर्डर केस में स्कूल के ही एक सीनियर छात्र को हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि उसे बुधवार को ही जूवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने पेश किया जाएगा। हालांकि इस संबंध में अभी आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। सीबीआई इस सिलसिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस छात्र को हिरासत में लिया गया है वह स्कूल का ही एक सीनियर छात्र है। ने सीबीआई के अधिकारियों के हवाले से बताया है कि जांच एजेंसी को शक है कि यह छात्र हत्या के वक्त बाथरूम में मौजूद था। इस हत्याकांड की जांच में पॉलीग्राफी और प्रद्युम्न को सेक्शुअली असॉल्ट किए जाने की बात भी सामने आ रही है। हालांकि कथित तौर पर हिरासत में लिए गए छात्र की भूमिका क्या थी, यह सीबीआई की ओर से आधिकारिक बयान जारी किए जाने के बाद ही पता चल पाएगा। इस बीच हिरासत में लिए गए छात्र के पिता ने अपने बेटे को फंसाए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि उनके बेटे ने ही सबसे पहले स्कूल के टीचर और माली को प्रद्युम्न की हत्या की जानकारी दी थी। पिता के मुताबिक, उनसे और उनके बेटे से मंगलवार रात काफी देर तक सीबीआई के अधिकारियों ने पूछताछ की और फिर बेटे को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए स्टूडेंट के पिता ने बताया कि सीबीआई कई बार उनके घर जांच के लिए आई और बच्चे के स्कूल बैग सहित स्कूल का दूसरा सामान जब्त किया था। बता दें कि प्रद्युम्न मर्डर केस में गिरफ्तार किए गए स्कूल बस के ड्राइवर अशोक कुमार ने हत्या करने की बात कबूल जरूर की थी, लेकिन माना जा रहा था कि वह किसी के दबाव में था। बाद में उसने अदालत में 'फंसाए' जाने का आरोप भी लगाया था। प्रद्युम्न के माता-पिता ने भी शक जाहिर किया था कि उनके बेटे के मर्डर के पीछे किसी और का हाथ हो सकता है। प्रद्युम्न के माता-पिता हरियाणा पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं थे जिसके बाद हरियाणा के सीएम मनोहरलाल खट्टर ने 15 सितंबर को मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। मामले में स्कूल प्रबंधन पर भी लापरवाही के गंभीर आरोप लगे थे। स्कूल के संचालन का जिम्मा प्रशासन ने अपने हाथों में ले लिया था। गौरतलब है कि 8 सितंबर को रायन इंटरनैशनल स्कूल के वॉशरूम में प्रद्युम्न की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड के बाद कई दिनों तक स्कूल को बंद रखा गया था और स्कूल में सुरक्षा इंतजामों को लेकर प्रबंधन पर सवाल उठ रहे थे।

## अलग-अलग हादसों में छह घायल

बिलासपुर, (आरएनएस)। अलग-अलग स्थानों में हुए सड़क हादसों में घायल 6 लोगों को सिम्स में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम खरौद निवासी मनहरण रात्रे पिता गणेश राम रात्रे(40) सेमरा गांव के पास हुए सड़क हादसे में घायल हो गया। इसी प्रकार सरकंडा थाना क्षेत्र के राजकिशोरनगर की रहने वाली स्वाती विश्वकर्मा पिता श्रवण विश्वकर्मा(21) मुलमुला व पामगढ़ के बीच, अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम परसाही निवासी संजय सोनकर पिता जोगीराम(45) परसाहीनाला के पास, चकरभाठा थाना क्षेत्र के सकरी निवासी जलेश प्रजापति पिता झाड़ू राम प्रजापति(35) सकरी में ही, तो लालपुर क्षेत्र के परसाकापा निवासी गौतम नवरंग पिता रामजी नवरंग(45) बोधापारा गांव में और मुंगेली जिले के ग्राम मुंडू देवरी निवासी तुलसीराम पिता रतन केंवट(45) गांव में ही हुए हादसे में घायल हो गए। सभी को सिम्स दाखिल कराया गया है।

## चलती कार में आग लगी

कोरबा (आरएनएस)। मंगलवार को शहर का मार्केट बंद होने पर परिवार समेत युवा व्यवसायी चिराग चौधरी बिलासपुर रिश्तेदार के यहां गया था। वापसी में उनकी चलती कार से धुआं उठा। वे जैसे ही हड़बड़ाकर नीचे उतरे वैसे ही कार जलने लगी। एसईसीएल के फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। तब तक कार कबाड़ में बदल गई थी। जानकारी के अनुसार पावर हाउस रोड पर शारदा मोबाइल के संचालक चेतन चौधरी का बेटा चिराग 22 अपनी मां मधु व बहन दीपिका 20 के साथ अपनी कार क्रमांक सीजी.12.एल.9690 में बिलासपुर रिश्तेदार के यहां गया था। दोपहर 3 बजे वे कोरबा लौट रहे थे। व्हाया पाली-दीपका आते समय शाम 5 बजे गंगानगर-कुचैना मार्ग पर कार से धुआं उठते दिखा। चिराग ने कार रोकी। मां व बहन को कार से बाहर निकलने कहा। वे कार से नीचे उतरे ही थे कि कुछ सेकेंड बाद कार जलने लगी।